AUTONOMOUS
(NAAC द्वारा मूल्यांकित एवं प्रत्यायित)
(उस्मानिया विश्वविद्यालय एवं बी.आइ.ई. से संबद्ध)

# हिम चेतना

# HIM CHETANA

Estd. 1961

वर्ष-12 अंक-5
अप्रैल-जून, 2024
पृष्ठ 4 मूल्य-1

Website : www. hindimahavidyalaya.org E-mail: info@hindimahavidyalaya.org

हिन्दी महाविद्यालय एवं एम.सी.गुप्ता कॉलेज का मुखपत्र (त्रैमासिक)




*स्व. श्री सुरेंद्र लूणिया जी की स्मृति में टी-20 क्रिकेट टूर्नमिंट 14 वर्ष से कम आयु के बालकों के लिए महाविद्यालय ग्राउंड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के हिन्दी महाविद्यालय समिति के मानद मंत्री श्री शील कुमार जैन आमंत्रित थे। उन्होंने विजित छात्रों वैं मेडेल्स तथा ट्रॉफीज पुरस्कार स्वरूप प्रदान की। साथ में हेड कोच जी. मनोहर रेड्डी।*

## योग दिवस आयोजित

महाविद्यालय में दिनांक 21-6-24 को अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती लहरी की गणपति वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के डॉ. कमरुद्दीन तथा विशेष अतिथि के रूप में श्री रामचंद्र मिशन की योग विशेषज्ञ, डॉ. वी.वी. मल्लिका, श्री राजगोपाल, श्रीनागेश्वर राव तथा श्रीमती साई सीता उपस्थित थी। महाविद्यालीय प्राचार्य डॉ. बाला कुमार ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। डॉ. कमरुद्दीन का परिचय श्रीमती नीता कुलकर्णी ने दिया। एनएसएस अधिकारी कन्हैया कुमार तथा एनसीसी इंस्ट्रकटर दिलीप के नेतृत्व में एनसीसी तथा एनएसएस कैडेड द्वारा योग जागरुकता पर रैली निकाली गई। यह रैली हिन्दी महाविद्यालय से कोरंटी क्रॉस रोड तक निकाली गई। उपस्थित योग विशेषज्ञों ने हिन्दी महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगणों तथा अन्य स्टॉफ को योग के शुरुआती आयामों से परिचित करवाया तथा साथ में योग भी करवाया। डॉ. रवि कुमार बी.वोक विभागाध्यक्ष ने योग दिवस का सफल आयोजन किया। श्रीमती नीता कुलकर्णी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया तथा उपप्राचार्या श्रीमती अश्विनी सनपूरकर ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। **(चित्र पृष्ठ 3 पर)**

## विश्वपर्यावरण दिवस आयोजित

महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, मानदमंत्री श्री शील कुमार जैन, प्रचार्या डॉ. बाला कुमार तथा उप-प्राचार्या श्रीमती अश्विनी सनपूरकर उपस्थित थे।

प्राचार्या डॉ. बाला कुमार ने सभी को पर्यावरण की बहाली के लिए परामर्श दिए। आज के युग में पर्यावरण में असंतुलन के कारण जिन कठिनाइयों का सामना मानवजाति को करना पड़ रहा है उसकी जानकारी उन्होंने सभी से साझा की तथा पर्यावरण में संतुलन लाने के लिए प्लास्टिक के प्रयोग का बहिष्कार, नवीकरणीय उर्जा के साधनों के प्रयोग पर बल दिया तथा ज़्यादा से ज़्यादा पौधारोपण पर ज़ोर दिया। इस अवसर पर हिन्दी महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे। संस्थाध्यक्षों तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों ने मिलकर पौधे रोपित किए।

## महाविद्यालय में सेमिस्टर परीक्षा संपन्न

I,II,III,IV,V एवं VI सेमिस्टर की रेग्यूलर एवं बैकलॉग की परीक्षाएँ संपन्न हुई। ये परीक्षाएँ 18 मई को प्रारंभ हुई और 20 जून को समाप्त हुई। इसके अतिरिक्त प्रैक्टिकल परीक्षाएँ भी 25 अप्रैल 2024 से 3 मई 2024 तक संपन्न हुई।

## पीजी के परिणाम घोषित

महाविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा पीजी के परिणामों को घोषित किया गया। महाविद्यालय में पीजी की परीक्षाएँ रखी गई थी और उसके परिणाम 4 मई 2024 को घोषित किए गए। उस्मानिया विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. बी. सकराम एवं एंडिशनल कंट्रोलर उपस्थिती में परिणामों को घोषित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के संपूर्ण परीक्षा विभाग के स्टॉफ सीओई श्रीमती अश्विनी सनपूरकर, एडिशनल कंट्रोलर श्रीमती पायल हर्ष, प्राचार्याडॉ. बाला कुमार उपस्थित थे।

महाविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक श्रीमती अश्विनी सनपूरकर ने बताया कि इस वर्ष एम.ए. में 100 प्रतिशत, एम.कॉम 80 प्रतिशत, एम.एस.सी. मैथेक्टिक्स में 20 प्रतिशतऔर एम.एस.सी स्टैटिसटिक्स में 100 प्रतिशत परिणम आए। अच्छे परिणामों की प्राप्ति पर महाविद्यालय समिति अध्यक्ष एमिरेट्स श्री कमलनारायण अग्रवाल, अध्यक्ष सी.ए. लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, कार्यदर्शी श्री शील कुमार जैन, संयुक्तमंत्री प्रदीप कुमार दत्त एवं सी.ए. एस.बी. काबरा ने परीक्षा विभाग सहित सभी प्राध्यापकों को बधाई दी।

## पिता

बच्चों की उम्मीदों का जहान है
ये पिता है
इनकी बड़ी निराली शान है
इनके रहते जीवन,
चिंता रहित हो जाता है
जो न हों चे जीवन में
तो बालक कुम्हला सा जाता है
हर रोज़ फरमाइशों करते इनसे
पूरी ये कर देते हैं
जो न कर सके ये इच्छा पूरी
तो थोड़ी मोहलत माँग लेते हैं।
हर डर के सामने सीना तान के
खड़े ये हो जाते हैं
पिता हैं ये,
हमें साहस की राह दिखाते हैं
जब-जब जीवन में मुश्किल आई
संबल बनकर खड़े रहे
चलो डटकर इनको पार करो
शिक्षा हमें ये देते रहे।
हमने भी कुछ फरमाइश की इनसे
कभी अपने बारे में सोचा करो
ये पतलून बड़ी पुरानी हुई
कभी नई लेने की भी सोचा करो
बोले अभी तो अच्छी है ये
तुम अपने लिए ही कुछ ले लो
आज यह समय आया है
बालक से युवा हम हो गए
पिता अब भी ये कहते हैं
बेटा इतनी जल्दी तुम बड़े हो गए।
अब अपना फर्ज निभाने को
पिता का कुछ कर्ज चुकाने को
हमने तत्परता दिखलाई
और पिता ने हमें फिर डांट पिलाई
क्या इतने वयस्क तुम हो गए
जो मेरी तमन्नाएँ संवारोगे।
मैं इतने दिन तक तुम्हें सजाता रहा
अब तुम तुझे सजाओंगे
यह सुनकर पिता प्रसन्न हुए
बेटा मेरा स्वावलंबी हो गया
जो कहता था पापा नई
कार ला दो न
वो आज बड़प्पन मं कहीं
खो गया।
बालक और पिता का यह रिश्ता
बड़ा निराला है
अपनी इच्छाओं का गला घोाट
पिताने बालक का फर्ज़ निभाया है
जीवन पर्यत चलते रहते हैं ये
कभी उफ तक ये नहीं करते
माताएँ तो अश्रु बहा लेती हैं
पर अश्रु भी ये बहा नहीं सकते
पाषाण नहीं ये, बड़े दयावान हैं
पूजा करो इनकी
ये पिता हैं, इनके होने से हर
मुश्किल आसान है।
वंदनीय हो, पूज्यनीय हो, हे पिता
रूपी सूर्य, तुम अतुलनीय हो।

**-डॉ. रजनी धारी**
**हिन्दी विभागाध्यक्ष**


ADMISSIONS OPEN
2024-25
DOST CODE : 11092
UG ENGLISH MEDIUM
B. Com (Computer Applications)
B. Com (Banking & Insurance)
B. Com (Practical Accounting & Taxation)
B.B.A (Bachelor of Business Administration)
B.B.A (Business Analytics)
B.Sc. Life Science
B.Sc. Physical Science
B.Sc. (Data Sciences)
B.Sc. (Artificial Intelligence & Machine Learning)
B. Voc (Hospitality & Tourism Administration)
PG ENGLISH MEDIUM
M.Com.
M.Sc. (Applied Statistics)
M.Sc. (Mathematics)
HINDI MEDIUM
INTER (CEC)
B.Com (General)
B.A. (H.H.P)
M.A. (Hindi)
HMV UG & PG COLLEGE
(HINDI MAHAVIDYALAYA)
AUTONOMOUS & NAAC - RE ACCREDITED
(Affiliated to Osmania University)
Nallakunta, Hyderabad - 500 044 ( T.S)
For Futher Details & Admission Contact : 040-27616330, 8712608261
Email : info@hindimahavidyalaya.ac.in

# योग दिवस की तस्वीरें






HMV UG & PG COLLEGE
(HINDI MAHAVIDYALAYA)
INTERNATIONAL YOGA DAY
21 JUNE 2024


HMV UG & PG COLLEGE
(HINDI MAHAVIDYALAYA)
INTERNATIONAL YOGA DAY
21 JUNE 2024


HMV UG & PG COLLEGE
(HINDI MAHAVIDYALAYA)
INTERNATIONAL YOGA DAY
21 JUNE 2024


HMV UG & PG COLLEGE
(HINDI MAHAVIDYALAYA)
INTERNATIONAL YOGA DAY
21 JUNE 2024





## महाविद्यालय का छात्र जूनियर कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैम्पियनशिप के लिए चयनित

महाविद्यालय के बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्र वेमानी लोकेश का चयन न्यूज़ीलैंड में 12-19 जुलाई में संपन्न होने वाली जूनियर कॉमनवेल्थ फेन्सिंग चैम्पियनशिप के लिए हुआ। यह तेलंगाना का इकलौता खिलाड़ी है, जो इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा।

लोकेश हाल ही में गुवाहाटी (असम) में संपन्न खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में व्यक्तिगत तलवारबाजी स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह उस्मानिया के 900 यूनिवर्सिटीस में एकमात्र प्रतिभागी था। उसके इस उपलब्धि के लिए संस्थाध्यक्ष लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा, कार्यदर्शी शीलकुमार जैन, समिति के सदस्य, प्राचार्या डॉ. बाला कुमार, उपप्राचार्या श्रीमती अश्विनी सनपूरकर तथा लेफ्टिनेंट आकाश थापा ने होने वाली प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी।




*न्यूजीलैंड में आयोजित होने वाले जूनियर कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैम्पियनशिप में चयनित होने पर बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्र वेमानी लोकेश को बधाई देतीं हुई प्राचार्या डॉ.बाला कुमार, लेफ्टिनेंट आकाश थापा।*

## कर्फ्यू

ये रात न बीती है, न बीतेगी
सदियों से चली है, चलेगी यूँ ही
निरंतर बहेगी दुष्कर्मो से
नित्यक्रम से रंग बदलेगी
नए-नए धर्म बदलेगी
नए-नए मजहब बदलेगी
पोशाक दर पोशाक में
नई-नई वेशभूषा बदलेगी
मिठास सी बोली में
नए-नए तेवर बदलेगी
कुतरती जिंदगी में
प्रतिपल जहर घोलेगी
माया के ताड़व नर्तन में
झूठ के लाछन में
कपट के बाजार में
दुराग्रह विषाक्त धोलेगीही धोलेगी
छलेगी गंगा निरंतर यूँ ही
बनेगी विषाक्त सी मैली ही मैली



**-हरि पड़िगे**
**लाइब्रेरी विभाग**

## भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के प्रशिक्षक बने चंद्रभान



दिव्यांग क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया ने हैदराबाद के अनुभवी क्रिकेट प्रशिक्षक चंद्रभान गीर को रविवार, 9 से 17 जून तक दिल्ली के ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाली भारत-श्रीलंका व्हील चेयर क्रिकेट सीरीज के लिए बतौर प्रशिक्षक नियुक्त किया। दिव्यांग क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के महासचिव रविकांत चौहान के अनुसार, भारत एवं श्रीलंका के बीच 5 टी-20 मैचों की सीरीज का आयोजन शहीद विजय सिंह पातीक क्रिकेट स्टेडियम पर किया जाएगा। चंद्रभान गीर विगत में भारतीय व्हील चेयर टीम के प्रशिक्षक रह चुके हैं। उनके अनुभव को देखते हुए एक बार फिर उन्हें भारतीय टीम के प्रशिक्षक की जिम्मदारी दीइ़। वर्तमान में चंद्रभान गीर एचएमवी क्रिकेट अकादमी में कोच के रूप में कार्य कर रहे है। जन्वरी में नरेंद्र मोदी स्टेडियम अहमदाबाद इंडिया-इंग्लैंड की सीरीज में मैनेजर के रूप मे कार्यकिया।

## शोधालेख लेखन पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

महाविद्यालय में दिनांक 26 जून को शोध समिति के अध्यक्ष सांख्यिकी विभागाध्यक्ष द्वारा शोधालेखा लेखन कैसे करें, विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में उस्मानिया विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभागध्यक्ष प्रोफेसर एन.सी. एच. भर्ताचातुर्युलु उपस्थित थे।

अतिथि वक्ता ने शोध क्षेत्र से जुड़ी सभी जानकारियों तथा पहलुओं को सभी से साझा किया। किसी भी विषय पर शोधा लेख लिखते समय किन मानकों तथा तथ्यों का ध्यान रखना चाहिए इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. बाला कुमार ने अतिथि वक्ता का उन्हें पौधा प्रदान कर सम्मानित किया।


**PRINTED MATTER** **BOOK-POST**

**HINDI MAHAVIDYALAYA**
(NAAC Accredited)
Nallakunta, Osmania University Road, Shankar Math,
Hyderabad 500 044.
Phone : 27616330 Fax : 30226330
Email : info@hindimahavidyalaya.org
Website : www. hindimahavidyalaya.org


**सेवा में,**
**श्री / श्रीमती** -----------------------------
-----------------------------
-----------------------------
-----------------------------


| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | कार्यदर्शी | संयुक्त कार्यदर्शी | कोषाध्यक्ष | प्राचार्य | उप-प्राचार्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **लक्ष्मीनिवास शर्मा** | **श्यामसुंदर मूंदड़ा** | **शील कुमार जैन** | **प्रदीप दत्त** | **एस.बी. काबरा** | **डॉ. बाला कुमार** | **श्रीमती अश्विनी सनपूरकर** |